निबंधित/ई–मेल

पत्र संख्या–3बी/स्था०–13(रोस्टर)–24/2024

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

प्रेषक,

सुशील कुमार मिश्र,
अवर सचिव।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
पटना।

पटना, दिनांक–

विषयः– जल संसाधन विभागान्तर्गत सभी मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय कार्यालय में निम्न वर्गीय लिपिक के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लीयरेंस के पश्चात् की गई अनुकम्पा नियुक्ति के पदों को शामिल करने के उपरान्त कोटिवार रिक्ति उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–1800 दिनांक–24.09.2024 तथा पत्रांक–2533 दिनांक–24.12.2024, पत्रांक–2501 दिनांक–19.12.2024, पत्रांक–2180 दिनांक–05.11.2024, पत्रांक–2000 दिनांक–18.10.2024 एवं पत्रांक–1177 दिनांक–03.07.2024 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्रांक–1800 दिनांक–24.09.2024 द्वारा सभी मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय स्थापना के निम्न वर्गीय लिपिक के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लीयरेंस कराते हुए विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया है जिसके आलोक में सभी मुख्य अभियंता द्वारा रोस्टर क्लीयरेंस संबंधी प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्त प्रासंगिक पत्रों द्वारा जल संसाधन विभागान्तर्गत सभी मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय स्थापना के निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति की गई है। अनुकम्पा के आधार पर निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर की गई नियुक्ति के उपरान्त विभाग को आपके द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराए गए रिक्त पदों के रोस्टर क्लीयरेंस संबंधी प्रतिवेदन में की गई अनुकम्पा नियुक्ति के पदों को कोटिवार घटाकर शुद्ध कोटिवार पदों की संख्या संबंधी प्रतिवेदन विभाग को 24 घंटे के अन्दर उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ताकि नियमित नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के माध्यम से बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना को प्रेषित की जा सके।

**कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए**

विश्वासभाजन
ह0/–
**(सुशील कुमार मिश्र)**
अवर सचिव

ज्ञापांक–3बी/स्था०–13(रोस्टर)–24/2024 51 पटना/दिनांक– 07/01/25

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सुशील 07.01.2025
**अवर सचिव**